Publication	Dainik Jagran
Edition	Gurugram
Date	11th September 2018
Page No	V

दैनिक जागरण

अजंता पब्लिक स्कूल ने लॉन टेनिस में अमेरिकन डीएलएफ को हराया

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: सेक्टर-65 स्थित एक लॉन टेनिस अकादमी में सोमवार को जिलास्तरीय स्कूली लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आगाज हुआ। जिला स्कूली खेल अधिकारी जगदीश अहलावत अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में अजंता पब्लिक स्कूल टीम ने अमेरिकन डीएलएफ स्कूल टीम को 2-1 से हराया और एमिटी सेक्टर स्कूल 46 टीम ने पाथवेज स्कूल टीम को 2-0 से हराया और सनसिटी स्कूल टीम ने जीइएमएस टीम को 2-0 से हराकर अगले राउंड में स्थान पक्का किया। लड़कों के अंडर-17 आयु वर्ग में पाथवेज स्कूल टीम ने जीइएमएस स्कूल टीम को 2-0 से हराया। मानव रचना स्कूल टीम ने डीपीएस 45 स्कूल टीम को 2-0 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। लड़कों के अंडर-19 वर्ग में डीपीएस सुशांत लोक टीम ने एमिटी स्कूल टीम को 2-0 से हराया और लड़कियों के वर्ग में डीपीएस 45 टीम ने केआर मंगलम टीम को 2-0 से हराया है।

वेटलिफ्टिंग में ज्योति व प्रिया ने जीते पदक

स्कूली वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली ज्योति व प्रिया जिला खेल अधिकारी परसराम के साथ • जागरण

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: यमुनानगर में खेली गई राज्यस्तरीय स्कूली वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गुरुग्राम की दो खिलाड़ियों पदक जीते। प्रशिक्षक सुरेश शर्मा ने बताया कि ज्योति ने 71 किग्रा वर्ग में प्रथम और प्रिया 55 किग्रा वर्ग में द्वितीय स्थान पर रही। सोमवार को दोनो खिलाड़ियों को गुरुग्राम नेहरू स्टेडियम में पहुंचने पर स्वागत किया गया। जिला खेल अधिकारी परसराम ने बताया कि ज्योति व प्रिया ने पदक जीतकर जिला का नाम रोशन किया है और अब दोनो खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा, जिसमें दोनो खिलाड़ी प्रदेश के लिए पदक जीतने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनो खिलाड़ियों की बेहतर तैयारी कराई जाएगी, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल कर सके।

दो खिलाड़ियों का हरियाणा टीम में चयन: जिला स्कूली खेल अधिकारी जगदीश अहलावत ने कहा कि गुरुग्राम के अमन राघव और सन्नी का हरियाणा टीम में चयन हुआ है। अहलावत ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों का अंडर-19 टीम के लिए चयन हुआ है और दोनों खिलाड़ियों ने राज्यस्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया था, जिसकी बदौलत दोनो खिलाड़ियों का प्रदेश टीम में चयन हुआ है।

जागरण

https://www.jagran.com/haryana/gurgaon-sports-and-gurugram-haryana-18411351.html

खेल: अजंता पब्लिक स्कल ने अमेरिकन डीएलएफ को हराया

Publish Date:Mon, 10 Sep 2018 07:43 PM (IST)

सेक्टर 65 स्थित एक लॉन टेनिस अकादमी में सोमवार को जिलास्तरीय स्कूली लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आगाज हुआ। जिला स्कूली खेल अधिकारी जगदीश अहलावत अंडर 17 लड़कियों के वर्ग में अजंता पब्लि

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: सेक्टर-65 स्थित एक लॉन टेनिस अकादमी में सोमवार को जिलास्तरीय स्कूली लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आगाज हुआ। जिला स्कूली खेल अधिकारी जगदीश अहलावत अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में अजंता पब्लिक स्कूल टीम ने अमेरिकन डीएलएफ स्कूल टीम को 2-1 से हराया और एमिटी सेक्टर स्कूल 46 टीम ने पाथवेज स्कूल टीम को 2-0 से हराया और सनसिटी स्कूल टीम ने जीइएमएस टीम को 2-0 से हराकर अगले राउंड में स्थान पक्का किया। लड़कों के अंडर-17 आयु वर्ग में पाथवेज स्कूल टीम ने जीइएमएस स्कूल टीम को 2-0 से हराया। मानव रचना स्कूल टीम ने डीपीएस 45 स्कूल टीम को 2-0 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। लड़कों के अंडर-19 वर्ग में डीपीएस सुशांत लोक टीम ने एमिटी स्कूल टीम को 2-0 से हराया और लड़कियों के वर्ग में डीपीएस 45 टीम ने केआर मंगलम टीम को 2-0 से हराया है।

दो खिलाड़ियों का हरियाणा टीम में चयन:

जिला स्कूली खेल अधिकारी जगदीश अहलावत ने कहा कि गुरुग्राम के अमन राघव और सन्नी का हरियाणा टीम में चयन हुआ है। अहलावत ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों का अंडर-19 टीम के लिए चयन हुआ है और दोनों खिलाड़ियों ने राज्यस्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया था, जिसकी बदौलत दोनो खिलाड़ियों का प्रदेश टीम में चयन हुआ है।